RESOLUTION RE. SETTING UP OF A SPECIAL DEPARTMENT BY STATE GOVERNMENTS FOR DEVELOPMENTS AND MANAGEMENT OF GREEN PASTURES, PRODUCTION OF FIRE-WOOD PROMOTION OF BIOGAS AND GOBAR GAS USAGE

श्री सुरेश पचौरी (मध्य प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करता हूं :

"इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि—

हमारे देश मे राजस्व अभिलेखों मे कुल 140 लाख हेक्टेयर क्षेत्र चरागाहों के रूप में दर्ज है जबकि व्यावहारिक रूप में केवल बनों का प्रयोग चराई प्रयोजनो के लिए किया जा रहा है, और

केवल 490 लाख टन जलावन लकड़ी का उत्पादन हो रहा है जबकि कुल माग 1330 लाख टन की है ,

इस सभा की सम्मति है कि सरकार को तत्काल निम्नलिखित कदम उठाने चाहिएं :—

(i) इस 140 लाख हेक्टेयर भूमि के प्रबंध के लिए तथा बजर भूमि को हरे-भरे चरागाहों के रूप में परिवर्तित करने हेतु राज्य सरकारों को अनुदेश दिये जायें, और

(ii) जलावन लकड़ी के उत्पादन में वृद्धि के लिए और प्राथमिकता के आधार पर नये प्रकार के चूल्हों, बायोगैस और गोबर गैस के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाये जायें ।"

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय मै इस रिजोल्यूशन के माध्यम से आपका ध्यान एक गम्भीर समस्या के समाधान के लिए आकर्षित कर रहा हूं । मान्यवर, शासकीय अभिलेखो में देश का जो वन क्षेत्र है वह 750 लाख हेक्टेयर है । किंतु हवाई सर्वेक्षण के द्वारा यह सिद्ध हो चुका है कि इस 750 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में से केवल 360 लाख हेक्टेयर क्षेत्र ही वास्तव में वनों से आच्छादित है । गत दस वर्षों में प्रति वर्ष लगभग 15 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र का नुकसान हुआ है । वनों के नुकसान के प्रमुख दो कारण हैं । जलाऊ लकड़ी की मांग जो कि हमारे वनों की उत्पादन क्षमता से कहीं अधिक है, यह एक कारण है, और दूसरा कारण है कि वनों में अत्यधिक चराई हो रही है ।

वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अव्वल तो हमारे आरक्षित और सुरक्षित वन क्षेत्रों में चराई ही नही होनी चाहिए और यदि चराई की अनुमति किसी वजह से दी जाती है, किसी न टालने वाले कारणों से दी जाती है, तो केवल इतने मवेशियों को चराई की अनुमति दी जानी चाहिए, जिनका भार हमारे वन उठा सकें ।

मान्यवर, भोपाल में 1981 में इंटरनेशनल सोसाइटी फार ट्रापिकल इकालोजी का जो सिलवर जुबली अधिवेशन हुआ था, उसमें एक पेपर पढ़ा गया था । उसकी ओर मै आपका ध्यान आकर्षित करना चाहुंगा कि हमारे देश में 140 लाख हैक्टर क्षेत्र ऐसा है जो राजस्व अभिलेखो में चरागाह के नाम से दर्ज है । इसके अतिरिक्त हमारे देश मे 750 लाख हैक्टयर वन क्षेत्र में 120 लाख हैक्टयर वन क्षेत्र ऐसा है जिसे केवल चरागाह के रूप में उपयोग में लाया जा सकता है । हमारे देश में 430 लाख हैक्टर बंजर भूमि है । इसमें भी 80 लाख हैक्टयर क्षेत्र ऐसा है जिसे कि हम चरागाह के रूप में परिवर्तित कर सकते हैं ।

इस प्रकार से देश में अधिकतम क्षेत्र जहां चारे का उत्पादन किया जा रहा है और किया जा सकता है, लगभग 340 लाख हैक्टयर क्षेत्र बनता है । यदि इस सम्पूर्ण 340 लाख हैक्टयर क्षेत्र का वैज्ञानिक रूप से बड़ी संजीदगी के साथ प्रबंध किया

[श्री सुरेश पचौरी]

जाए, तो भी केवल हम 5700 लाख टन हरे चारे का उत्पादन कर सकते हैं । इतना हरा चारा, यह एक बड़े ध्यान देने योग्य बात है, मान्यवर, कि केवल 3200 लाख मवेशियों के लिए पर्याप्त है, जबकि पन्द्रह वर्ष पूर्व के सवक्षण पर यदि हम जाएं, तो पन्द्रह वर्ष पूर्व हमारे देश में मवेशियों की संख्या 3500 लाख से अधिक थी जबकि चारा केवल 3,200 लाख मवेशियों के लिए हमारे देश में पर्याप्त समझा जा रहा है ।

मान्यवर, यह समस्या इतनी गम्भीर है कि यह इन आंकड़ों से बड़ी आसानी से समझी जा सकती है और बहुत जल्द ही यदि इस संबंध में कोई कारगर या कोई प्रभावी कदम नहीं उठाये गये, तो यह समस्या एक विकराल रूप धारण कर सकती है ।

मान्यवर, यह समझने वाली बात है कि यदि इस पर हमने समय रहते काबू नहीं पाया, तो हमारे वन नष्ट हो जायेंगे जिससे हमारे मौसम पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा ।

एक विशेष मुद्दा जो मैं उठाना चाहता हूं वह यह है कि देश में प्रत्येक प्रकार की भूमि के प्रबंध के लिए कोई न कोई विभाग या, कोई न कोई ऐजेन्सी है, किन्तु अपनी चरागाहों के प्रबंध के लिए न तो कोई विभाग है और न कोई एजेन्सी है ।

मैं जानना चाहता हूं कि 140 लाख हैक्टेयर भूमि चरागाह के नाम से जो दर्ज है, उसके प्रबंध के लिए कौन सा विभाग है और कौन सी एजेन्सी है ? उन चरागाहों में एक तिनका भी नहीं उगता है और नतीजा तो यह हो रहा है कि सारी की सारी चराई वनों में हो रही है। और हम महाकवि कालीदास की तरह उसी डाल को काट रहे हैं जिस पर हम बैठे हुए हैं । मान्यवर, यह बहुत जरूरी है, यह बहुत आवश्यक हो गया है कि 140 लाख हेक्टेयर भूमि जो चरागाह के रूप में उपलब्ध है उसके समूच प्रबन्ध की व्यवस्था की जाए। राज्य शासनों को यह सख्त निर्देश दिया जाए कि 140 लाख हेक्टेयर भूमि के प्रबन्ध के लिए एक विशेष और पृथक विभाग की स्थापना करें। साथ ही अधिक से अधिक बंजर भमि को चरागाह में परिवर्तित करने के लिए शीघ्र ही कोई कारगर कदम उठाएं । मान्यवर, आज एक और गंभीर समस्या जो वनों के संबंध में है और जिसकी वजह से वनों की काफी कमी हो रही है उसकी ओर मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा । वनों मे प्राय: यह देखा जाता है कि आग लग जाय करती है । बड़े से बड़े क्षेत्रफल में जो वन आच्छादित हैं वहां आग लगी हुई है और आग लगती जा रही है, लेकिन प्रशासन की ओर से उस आग पर काबू पाने के लिए, उसे नियन्त्रण करने के लिए कोई समचित उपाय नहीं किए जा रहे हैं। इस ओर भी मैं केन्द्रीय सरकार का ध्यान आकर्षित करना चहूंग, कि इस प्रकार जो वनों में आग लग रही है उसमें रोक लगाने के लिए भी शीघ्र ही युद्ध स्तर पर कोई कदम उठाएं जाएं ।

इस रेज़ोल्यूशन के माध्यम से मैं एक और समस्या की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा । जलाऊ लकड़ी की समस्या एक बहुत गंभीर समस्या है । वर्तमान आंकड़ों के अनसार जलाऊ लकड़ी की मांग वर्तमान में 1330 लाख टन है, उसके विरुद्ध जलाऊ लकड़ी का उत्पादन केवल 490 लाख टन है । यह ध्यान ने योग्य बात है, क्योंकि मांग 1330 लाख टन है । इसलिए निश्चित रूप से इस गंभीर समस्या के निराकरण के लिए भी केन्द्रीय सरकार के स्तर से अविलम्ब कोई न कोई उपाय किए जाने चाहिएं और प्रबन्ध किया जाना चाहिए । विभिन्न सामाजिक योजनाओं के द्वारा जलाऊ लकड़ी के उत्पादन को बहुत बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है । किंतु यह सहज ही समझा जा सकता है कि पेड महीनों में नहीं, बल्कि वर्षों में उगते है, जबकि वे काटे केवल मिनटों में जाते हैं । इसलिए इस समस्या को बहुत गंभीरता से लिय

जाना चाहिए, जो कि बहुत आवश्यक भी है । इस उत्पादन की मांग की खाई को यदि हम उत्पादन बढ़ाकर पूरा नहीं कर सकते तो मांग को घटाकर कर सकते हैं। यदि हम आंकड़ों के अनसार जलाऊ लकड़ी के उत्पादन को नहीं बढ़ा सकते और उसके अनुसार मांग की पूर्ति नहीं कर सकते तो बहुत जरूरी है कि उस मांग को कैसे कम किया जाए इस ओर हमारा ध्यान जाए । मांग घटाने का सब से उचित उपाय जो मेरी समझ में आता है वह है ऐसे चल्हों का इस्तेमाल जिनमें लकड़ी की खपत कम हो । जैसे बायोगैस और गोबर गैस का इस्तेमाल और अभी जो नए प्रकार के गैस के चल्हों का रिसर्च हुआ है । अभी बायोगस और गोबरगैस का इस्तेमाल नाममात्र है । उसके लिए हमारी ओर से उत्साहजनक प्रयास नहीं किया जा रहा है । अतः केन्द्रीय सरकार से राज्य शासनों को यह निर्देश दिए जाने चाहिएं कि वे प्राथमिकता के आधार पर इस दिशा में इस प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए बायोगैस और गोबर गैस के इस्तेमाल के लिए अधिक से अधिक बजट उपलब्ध कराएं । मान्यवर, धंआ रहित चूल्हों के उपयोग करने से जहां ईंधन की बचत होती है, वही हम दूसरी ओर प्रदूषण की समस्या से भी छटकारा पाते हैं उसकी रोकथाम होती है । अतः बड़ी संख्या में धुंआ रहित चल्हे बनाए जाएं और इसके लिए एक प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की जानी चाहिए । लघु उद्योग निगम द्वारा जिला स्तर पर उद्योग केन्द्र खोले गए हैं उनके माध्यम से और ऊर्जा विकास निगम के माध्यम से इतने अधिक से अधिक लोगों को प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए कि वे और आगे ग्रामीण स्तर पर काम के लिए पहुंचें तो स्मोकलेस चूल्हे का इस्तेमाल करना लोगों को सिखा सकें । मध्य प्रदेश में जो ऊर्जा विकास स्कीम है वह जो हमारे नौजवान भाई हैं उनको कुछ मैटीरियल देती है और उस ट्रेनिंग के दौरान कुछ वित्तीय मदद भी करती है, लेकिन वह पर्याप्त नहीं है कि उसके द्वारा वे गांवों में जाकर स्मोकलेस चूल्हा बनाना सिखा सकें । इस फाइनेंशियल एसिस्टेंस में वृद्धि किया जाना बहुत जरूरी है । साथ ही जो एक्विपमेंट उन्हें देते हैं वे स्मोकलेस चूल्हा बनाने के लिए पर्याप्त नहीं है ।

गुजरात के एक वैज्ञानिक ने एक गोबर गैस प्लाट तैयार किया है जिसकी कीमत जहां तक मेरी अपनी जानकारी है अभी तक तैयार किए गए गोबर गैस प्लांटों में सबसे कम है । वह है एक हजार रुपया । ऐसे प्रयास को जो गुजरात के एक वैज्ञानिक द्वारा किया गया है प्रोत्साहित किया जाना आज की एक महती आवश्यकता है ।

भारत एक कृषि प्रधान देश है और कृषि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है । ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशु धन का एक महत्वपूर्ण स्थान है । पशु धन का आर्थिक रूप से उपयोग गोबर गैस संयंत्र लगा कर भी प्रभावशाली ढंग से हम कर सकते हैं ।

हमारे ग्रामीण भाइयों की ईंधन के अतिरिक्त प्रकाश की भी एक समस्या है । हमारे यहां आज भी ऐसे हजारों गांव हैं जहां इलैक्ट्रिफिकेशन की प्राबलम है । रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन को जहां महत्व दिया जाना चाहिए वहां इस प्रकार के विचार करने से जहां हम ईंधन की समस्या से निपट सकते हैं वहां हम प्रकाश की समस्या से भी निपट सकते हैं । इन सारी समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए स्व० प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने जिनके हृदय में हमेशा तड़प रही है कि वे शोषित दलित मजदूर मजलूम सर्वहारा वर्ग के लिए कुछ कर सकें उन्होंने बीस-सूत्री कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण अंचलों में बायो-गैस और गोबर-गैस संयंत्रों की स्थापना का नारा दिया । यद्यपि बीस सूत्री कार्यक्रम में यह बात निहित है, यह देखा जाना बहुत जरूरी है कि इसका कार्यान्वयन शासकीय स्तर पर और अन्य स्तरों पर कितनी ईमानदारी से और कितना गम्भीरता से किया गया है क्योंकि इसके पीछे एक भावना थी और वह भावना—स्व० श्रीमती इन्दिरा गांधी

[श्री सुरेश पचौरी]

की थी कि गांवों के लोगों को प्रकाश का अभाव न हो गांव के लोग आधुनिक संयंत्रों का उपयोग करके ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित हो सकें। बायोगैस से मुख्यतया तीन प्रकार का लाभ होता है। प्रथम लाभ तो हमारे किसान भाइयों को यह होता है कि खाना पकाने के लिए धुआं रहित ईंधन प्राप्त होता है और दूसरा लाभ यह होता है कि लाइट्रोजन युक्त खाद मिलती है। तीसरा लाभ यह है कि अनेक प्रकार के रोगाणुओं से वह मुक्त रहती है क्योंकि संयंत्र में निकलने वाला जो मिक्स्चर है उसमें रोगाणु काफी कम हो जाते हैं। और इसके अतिरिक्त प्रकाश और जो बर्तन अनावश्यक रूप से काले हो जाते है उन की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है। इसलिये बहुत जरूरी हो गया है कि यह आज की एक महती आवश्यकता हो गयी है कि बायो गैस संयंत्र हम लगायें और इस नारे को मूर्त रूप दें कि बायो गैस संयंत्र लगायें जीवन को सुखमय बनायें। देश में यदि प्रति वर्ष बायो गैस के तीन लाख घरेलू प्लान्ट लगाये जायें तो हर वर्ष 10 लाख टन लकड़ी को जलाने से बचाया जा सकता है। आंकड़े इस बात को स्पष्ट करते हैं कि एक सर्वेक्षण के अनुसार 1980 में लगभग 13 करोड़ 30 लाख टन की जो मांग थी वह बढ़ कर 1985 में 13 करोड़ 80 लाख टन हो जायगी। अगर देश में प्रति वर्ष बायो गैस के तीन लाख पारिवारिक प्लान्ट लगाये जायें तो इस मांग को हम नियंत्रण में रख सकते हैं। इस मांग को रोका जा सकता है। इसी प्रकार ग्रामीणों को धुएं वाले चूल्हों के दुष्परिणाम से भी रक्षित किया जा सकता है, बचाया जा सकता है और जंगलों को भी समाप्त होने से बचाया जा सकता है। इस के लिये ग्रामीणों में इस के प्रति विश्वास जाग्रत करना पड़ेगा। उन में आस्था प्राप्त हो इस बात का ध्यान रखना जरूरी है।

इसी के साथ जो प्रशिक्षित टेक्नीशियन्स हैं उन की सहायता से ग्रामीण जनों को इन सब के बारे में, इन के लाभ के बारे में जानकारी के साथ-साथ शिक्षित किया जाना बहुत जरूरी है। मान्यवर, आज जरूरत इस बात की है कि रसोई गैस और मिट्टी का तेल अधिक से अधिक मात्रा में उपलब्ध कराया जाये जिस से कि जलाने की लकड़ी को बचाया जा सके, पेड़ों को काटने से बचाया जा सके। साथ ही जिन मुख्यालयों को या सब डिविजनल हेड क्वार्टर्स पर भी जो धुवें रहित चूल्हे हैं उन का निर्माण हो और उसकी विधि समझाने की व्यवस्था किये जाने की जरूरत है क्योंकि यह भारत एक कृषि प्रधान देश है और इस की महती मांग को मद्दे नजर रखते हुए न केवल डिस्ट्रिक्ट लेविल पर लोगों को स्मोकलेस चूल्हे बनाने के लिये प्रशिक्षित किया जाना चाहिए बल्कि इतनी व्यापक मांग को मद्दे नजर रखते हुए इतनी ज्यादा संख्या में स्मोक-लेस चूल्हों का निर्माण किया जाना चाहिए कि ग्रामीण जनों को इस का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। और यह आवश्यक प्रतीत होता है कि हम न केवल डिस्ट्रिक्ट लेविल पर इस प्रकार के प्रशिक्षण की व्यवस्था करें बल्कि सब डिविजनल लेविल पर, पंचायत लेविल पर भी इस के प्रशिक्षण की व्यवस्था करें और न केवल प्रशिक्षण की व्यवस्था होनी चाहिये बल्कि इसके लिये आवश्यक इक्विपमेंट भी लोगों को उपलब्ध कराया जाना चाहिए और जो नौजवान भाई वहां प्रशिक्षण लें उन को वित्तीय मदद देने की व्यवस्था होनी चाहिए। पंचायत लेविल पर, सब डिविजनल लेविल पर और जिला लेविल पर यह व्यवस्था होनी जरूरी है। योजना बनाने वाले यह बखूबी जानते हैं कि देश में ऊर्जा की खपत का 51 प्रतिशत भाग घरेलू कार्यों में खर्च होता है, फिर भी वे उद्योग, यातायात, कृषि जैसे क्षेत्रों को थोक उपभोक्ता करार दे कर उन को वरीयता और अहमियत देते हैं। घरेलू क्षेत्र को और खास तौर से ऐसे कार्यक्रम, ऐसी योजनायें जिनसे कि ग्रामीण क्षेत्रों का विकास हो सके, ऐसे कार्यक्रम जो कि इस बात के लिये निहित हैं कि आदरणीय स्वर्गीय इन्दिरा

जी ने जो 20 सूत्री कार्यक्रम में गोबर गैस संयंत्र नामक बिन्दु को रखा है उस को भी मूर्त रूप दिया जा सके, तो योजनाकर्ताओं को, निर्माताओं को इस को भी काफी वरीयता से योजना बनाते समय ध्यान में रखना चाहिए । आज जब देश ऊर्जा संकट से गुजर रहा है, यह निश्चित रूप से चिन्ता का विषय है कि घरेलू ईंधन के इस्तेमाल की क्षमता का औसत केवल 25 प्रतिशत के करीब है, यानी तीन चौथाई ऊर्जा बेकार चली जाती है । ये सब जो पुराने विचार हैं, दकियानूसी विचारों की वजह से वातावरण प्रदूषित हो रहा है, स्वास्थ्य की हानि की समस्या है और साथ ही परिवार असंतुलन है और वन विनाश की ऐसी हालत है कि समग्र रूरल डेवलपमेंट की जो योजनाएं हैं उनके परमानेंट हल के लिए, उनके इंप्लीमेंटेशन के लिए हम नहीं सोच पाए हैं, जिनकी ओर हमें ध्यान देना है ।

अन्यवर, गोबर गैस संयंत्र और सौर चूल्हे के प्रति भी हमारी ग्रामीण नागरिकों की प्रतिक्रिया अनुकूल और उत्साहजनक हो, ऐसा हमारी तरफ से प्रयास होना चाहिए । आज वक्त का तकाजा है कि इसकी सम्यक आवश्यकता को हम समझें और गांवों में गोबर गैस का सामूहिक रूप से उपयोग कर सकें और साथ ही सौर चूल्हों में आवश्यक परिवर्तन कर उनको सस्ते दामों पर लोगों को दे सकें, उन्हें जन-सामान्य को उपलब्ध कराएं । साथ ही स्टोव और गैस चूल्हे बनाने वाली कंपनियों पर क्वालिटी कंट्रोल करें, उन पर नियंत्रण रखें, उन सारी बातों पर हम प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक और कारगर कदम उठाएं तो हमने जिन खतरों के प्रति संकेत दिलाए हैं, उनसे हम मुक्ति पा सकते हैं अन्यथा घरेलू ऊर्जा संकट की समस्या सुरसा के मुंह की तरह विकराल रूप धारण कर लेगी, उसके ऊपर सोचा जाना बहुत जरूरी है। धन्यवाद ।

DR. G. VIJAYA MOHAN REDDY (Andhra Pradesh): Sir, the tragedy of our country is this kind of senseless destruction of forests. As in any other walk of life, it is a few people who indulge in this destruction and the common lot, the poor people are unnecessarily chastised and punished. People who are dwelling in the villages near about forests are penalised for very very small things—like feeding their own cattle, which they naturally will have to, not with the big trees but with some leaves or some grass. That is why I want to submit that it is the very big contractors who are greedy and want to make a quick buck, have taken to this illegal destruction of forests on a large scale and they have not left any area. From Cape Comorin to the Himalayas this destruction has taken place on a vast scale and this greediness has led to very grave consequence of disturbance of total ecological balance in our country. Bharat which was *shasya shyamlay*—always green—has one-third portion slowly going into a desert. This tragedy will have to be faced very squarely, and we will nave to take very definite measures.

3 P.M.

So also, Sir, I want to state about another class, the capitalists who have taken to mining, sometimes illegal sometimes, even though legal, without any check or hindrance. This has also led to denudation of forests areas on a large scale, and once and for all they are becoming unfit even to grow grass, leave alone afforestation. Cement factories and especially the paper manufacturers have more or less become monarchs with their wealth. With big riches that they have got, they were able to bribe all agencies and were able to denude our forest wealth. The Government should take a very strong view of these activities and try to curb them and try to inflict very severe punishments so that nobody could dare to enter forest areas which are the most sacred possessions of our countrymen.

Another point as far as Andhra Pradesh is concerned is that the Government

[Dr. G. Vijaya Mohan Reddy]

has taken the afforestation drive as the most important subject on its hand. It is known in every village, at the gram panchayat level and at all other levels. The Labour Department and all other Departments have taken up the drive of planting trees everywhere, and the Forest Department in the forest areas. This is a huge drive in which we want to give employment also to lakhs of youth by giving them honorarium so that in the villages there is no decline in the trees and the villagers look after the trees. And, the money spent in this direction, we feel, is well spent because it will make our youth love the soil, love the plants, love the trees. It will be more or less life-breath to all our countrymen. We have taken up this drive as the most important drive that our State has thought of.

Anoher thing, Sir, is about supply of gas, gobar gas and such other programmes. This programme has been taken up in a very enlarged sphere. We are planning for community latrine programme inside the villages and supply of gas to the village community so that the villagers will get their gas supply also. That is why, Sir, we will have to take up this programme on a priority basis all over the country and try to involve all the villagers, especially the youth of the villages to take up the programme. We want to give them honorarium. Especially in these days of unemployment, Rs. 100 per month could be very easily provided. This will be giving employment making them interested in the developmental work. And after some time they can come on their own and carry on with developmental work as the direct agencies of the Government. And after some more training in various industrial or in other activities, they could very well man the entire development programme whether it is irrigation or cottage industries or village industries and give them a kind of self-reliance which is most essential. If we forget self-reliance in all aspects of our life, we will be forgetting everything. The torch-bearers of our freedom movement have solidly stood on their ground against the invaders, against the Britishers and secured not only the freedom, but also our right to live with our heads high. That is why I say self-reliance and afforestation drive will be in a position to inculcate these views amongst our youths. That is why I request the Central Government to take this programme as a priority programme.

श्री कल्पनाथ राय (उत्तर प्रदेश) : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे मित्र श्री सुरेश पचौरी जी ने जो यह प्रस्ताव पेश किया है, हम उसका समर्थन करते हैं । इस प्रस्ताव में कहा गया कि हमारे देश में राजस्व अभिलेखों में कुल 140 लाख हेक्टेयर क्षेत्र चरागाहों के रूप में दर्ज है जबकि व्यावहारिक रूप में केवल वनों का प्रयोग चराई प्रयोजनों के लिए किया जा रहा है और केवल 490 लाख टन जलावन लकड़ी का उत्पादन हो रहा है जब कि कुल मांग 1330 लाख टन की है। इस सभा की सम्मति है कि सरकार को तत्काल निम्नलिखित कदम उठाने चाहिये । इस 140 लाख हेक्टेयर भूमि के प्रबन्ध के लिए तथा बंजर भूमि को हरे-भरे चरागाहों के रूप में परिवर्तित करने हेतु राज्य सरकारों को अनुदेश दिये जायें और जलावन लकड़ी के उत्पादन में वृद्धि के लिए और प्राथमिकता के आधार पर नये प्रकार के चूल्हों, वायोगैस और गोबर गैस के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाये जायें ।

मैं सरकार से यह निवेदन करना चाहता हूं कि इसकी गम्भीरता को ही मद्देनजर रखते हुए हमारे देश की भूतपूर्व प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी जी ने पेडों को लगाने की प्राथमिकता दी थी और एक जमाने में श्री संजय गांधी ने पेड़ लगाने की दिशा में भारी कदम उठाया था । आज हमारे देश के नेता और देश के प्रधान मंत्री ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाये जाने को सातवीं पंचवर्षीय योजना में एक उद्देश्य के रूप में रखे हुए हैं । मैं माननीय वन विभाग के मंत्री जी

से यह निवेदन करना चाहता हूं कि हमारे मुल्क की पेड़ों की नीति के संबंध में जब आप विचार करेंगे तो यह मानना पड़ेगा कि फोरेस्ट्स, वन और पेड़ों के बारे में बचपन में सुना करते थे कि किसान और गांव के लिए सबसे ज्यादा जरूरी चीज खेतीबाड़ी है । खेती का मतलब है अनाज पैदा करना और बाड़ी का मतलब है बगीचा । बचपन से ही हमारे देश के सात लाख गांवों में खेतीबाड़ी को बहुत महत्व दिया जाता था । लेकिन आजादी के 40 वर्ष के कार्यकाल में यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति पैदा हुई है । बाड़ी या बगीचे पूरे देश के पैमाने पर नष्ट हुए हैं । यानी आज बगीचे किसी किसान के पास नहीं हैं । गांवों में बगीचे खत्म हो गये हैं । खेती के बुनियादी विकास के लिए पेडों का रहना अति आवश्यक है । बिना पेडों के खेती भी अच्छी नहीं हो सकती है और खेती का भी कोई महत्व नहीं है । आज 70 प्रतिशत किसान ऐसे हैं जिसके पास 4 एकड़ से कम जमीन है । यह राष्ट्रीय सर्वे की रिपोर्ट है जिसमें कहा गया है कि हिन्दुस्तान में 70 प्रतिशत किसान ऐसे हो गये हैं जिनके पास चार एकड़ से कम जमीन है । जब तक खेती को हम बुनियादी उद्योग मानकर हम खेती और गांव के विकास के लिए समयबद्ध और ठोस कदम नहीं उठायेंगे तब तक भारत के विकास की कल्पना हम नहीं कर सकते । हमारी सातवीं पंचवर्षीय योजना के तीन लक्ष्य हैं,—प्रोडक्शन, प्राडक्टीविटी और इम्पलायमेंन्ट यानी उत्पादन, उत्पादकता और रोजगार के अवसर सुलभ कराना । ये हमारी सातवीं पंचवर्षीय योजना के उद्देश्य हैं । ये उद्देश्य तभी पूरे होंगे जबकि हमारे गांव के लोग खुशहाल होंगे । जब इस मुल्क की खेती तरक्की करेगी, खेती एक घाटे का धंधा न होकर लाभ का धंधा बनेगा खेती पर आधारित पशुपालन या खेती पर आधारित बगीचा या वनों को प्राथमिकता दी जाएगी तभी यह देश खुशहाल हो सकता है । आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय आज गांवों में एक तरह का संकट पैदा हो गया है 70 प्रतिशत किसानों के पास चार एकड़ से कम जमीन है मैं पूछना चाहता हूं कि आधुनिक दौड़ में ट्रैक्टर से खेती की जुताई हो रही है और फार्टिलाइजर के बगैर अनाज पैदा नहीं हो सकता । तो किसानों के लिए ट्रैक्टर और ट्रक्टरों से जुताई और उसके बाद फर्टीलाइजर ट्यूबवैल या नहर से पानी और उसके बाद अन्य चीजों के लिए भी मशीनों का प्रयोग होता है । तो इस तरह से हमारी पूरी खेती का मशीनीकरण हो गया है । तो इससे चार एकड़, पांच एकड़ या दस एकड़ जमीन में खेती करने वाला किसान, मुझे यहां पर एक भी संसद सदस्य बताये कि जो छोटा किसान इस वक्त खेती पर मुनहसिर है अगर उसका कोई बैल मर जाय तो क्या वह बैल खरीद लेगा । जो खेती पर मुनहसिर है है और उसको बेटी की शादी करना है तो क्या वह अपनी खेती की आमदनी से उसकी शादी कर लेगा ? क्या ऐसा किसान अपने बच्चों को दिल्ली और लखनऊ के किसी बढ़िया स्कूल में पढने के लिए भेज सकता है ? अगर उस किसान का घर गिर जाये तो क्या वह अपने लिए दो कमरे बना लेगा ? मैं साफ कहना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान की खेती नीति पर, ऐग्रीकल्चर पालिसी पर पुनः विचार किया जाना चाहिए । ऐग्रीकल्चर को जब तक हम प्राफिट ओरियन्टेड, मुनाफे का धंधा नहीं बनायेंगे तब तक हम हिन्दुस्तान के 7 लाख गाँवों का विकास नहीं कर सकते और न खेती पर आधारित पशु पालन उद्योग पनप सकता है आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय आज मशीनीकरण के कारण आधुनिकीकरण के लिए किसान की कमर टूट गई है वह अपनी जमीन को, ट्रैक्टर किराये पर लेकर जोतता है और वह उस पर बढ़िया यूरिया इस्तेमाल नहीं कर सकता है । यह अपनी खेती पर ट्यूबवैल और नहर का पानी नहीं दे सकता है । आज किसान बाढ़ और सूखे, अतिवृष्टि और अनावृष्टि के कारण वह बिल्कुल बरबाद हो गया है ।

[श्री कल्पनाथ राय]

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, खेती बाड़ी छोटे किसान के लिए बहुत जरूरी है। छोटे किसान के पास अगर पेड हैं, बगीचे हैं, चरागाह है तो वह अपने भैंस; गाय और अपने बैलों को उसमें चरा सकता है। या वहां से चारा काट कर बल को खिला सकता था और बैल गाय या भैंस इन तीनों को छोटा किसान जब रखेगा तो उसका जो गोबर साल भर में होगा उसी से वह अपने चार एकड के खेत में खाद डालेगा और आर्गेनिक फर्टीलाइजर के माध्यम से अपने खेत में उत्पादन करेगा। जो पांच एकड़ वाला किसान है उसके पास दो बैल, एक गाय एक भैंस होगी, और इन दो चार पांच पशुओं के गोबर से साल भर में उसको इतना गोबर मिलेगा वह अपने खेत में आर्गेनिक खाद डाल कर प्रोडक्शन को कायम रखगा। दो बैलों से वह खेत को जोत सकगा, उन बैलों के लिए, पशुओं के लिए जो चरागाह हैं, जंगल हैं पेड बगीचे हैं, उससे अपने जानवरों को चरा कर पालन-पोषण कर सकता है। इस तरह से हमारे देश का किसान अपने दो बैलों से पांच एकड की खेती, अपनी भैंस, अपनी गाय के माध्यम से अपने बगीचे में उनको चराना, उनके गोबर का इस्तेमाल करने और फलदार पेडों को लगा कर आम, जामून या अमरूद या कटहल जैसे पेडों को उगा कर अपना जीवन चलाता है। तो खेती उसी से संबंधित है और उसी से संबंधित है उसके पशु और पशु पालन से संबंधित है उसका बगीचा। इन तीनों का एक साइकिल चलता था। अगर पशु से किसान को दूध दही मिले तो वह तन्दुरुस्त रहगा ?। उसके बेटे देश की सीमाओं की रक्षा करेंगे। अगर उसके पास गाय या भैंस हैं तो उसका वह दूध पीयेगा जिससे उसकी तन्दुरस्ती कायम रहेगी और भैंस और गाय के गोबर से वह अपने चार पांच एकड खेत में आर्गेनिक फर्टिलाइजर दे कर उसकी उर्वरक शक्ति कायम रखेगा लेकिन यह साइकिल है। इससे हमारे देश में हिन्दुस्तान के 7 लाख गांव और उसमें रहने वाले करोडों किसान एक शानदार और जानदार जिन्दगी जीते थे लेकिन वर्तमान आधुनिकरण के कारण जब कि 70 फीसदी किसानों के पास 6 एकड़ से कम जमीन हो गई है। तो जो गांव के गाँव पेड़ और बगीचे कट पेड और बगीचे कट गये हैं इन के कारण पशु धन और गाय पालना बन्द हो गया हैं भैंस पालना बन्द हो गया है या यह काम धीरे धीरे घटने लगा है। बैलों को रखना लोगों ने छोड दिया है। लोग अपने खेत को ट्रक्टर से जोतने लगे हैं पहले दो तीन सौ रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से ट्रेक्टर से अपना खत जोत लिया और फिर नहरों या ट्यूबवैल के पानी से सिचाई कर दी, इस तरह से खेती आज कल घाटे का धंधा हो गया है। चार-पाँच या छः एकड़ वाला छोटा किसान अगर ट्रेक्टर से खत जोतेगा, अगर नहर या ट्यूबवैल का पानी इस्तेमाल करेगा, महंगी खाद का इस्तेमाल करेगा, मशीनसे ट्योरी का काम करायेगा तो उस के पास जो उत्पादन होगा वह उत्पादन इन्हीं के किराये देने में ही खत्म हो जायेगा परिणामस्वरूप यदि उसका घर गिर जाये तो वह उसको नहीं बना सकता है, बैल मर जाये तो वह बैल नहीं खरीद सकता है, बेटी की शादी कर्जा ले कर करनी पड़ेगी। इसलिए हिन्दुस्तान की पूरी कृषि नीति के संबंध में बहुत गंभीरता से हमे विचार करना पडेगा। बाढ आई थी, मुझे पिछली बार अपने इलाके का दौरा करने का मौका मिला। मैं जब गांव में गया तो वहां मल्लाहों के बीच डिप्टी कलैक्टर भी मोजूद थे वहां पर गैहूं बांटा जा रहा था। सारे गांव के मल्लाह कह रहे थे कि आप हमें चावल और गेहूं तो दे रहे हैं लेकिन लकड़ी कहां है जिस पर हम अपनी रोटी पकायेंगे। अब एक नया संकट उभर कर आ रहा है। अनाज तो है, चावल तो है, गेंहूं तो है लेकिन सको पकाने के लिए लकड़ी नहीं है। हिन्दुस्तान के मायने दिल्ली नहीं हैं, हिन्दुस्तान के मायने बम्बई नहीं है हिन्दुस्तान के जो बड़े बड़ शहर हैं वहां तो गैस के चूल्हें इस्तेमाल हो रहे हैं और

रोटी पक रही है । पर जो हिन्दुस्तान के 7 लाख गांव हैं, हमारे ग्रामीण विकास मंत्री रामानन्द जी मौजूद हैं मैं उनसे कहना चाहता हूं कि उन 7 लाख गांवों में जलावन का बड़ा संकट उत्पन्न होने जा रहा है । लोगों के पास अनाज तो है पर रोटी पकाने के लिए लकड़ी नहीं है । पूरे 7 लाख गांवों में यह संकट है । पकाने के लिए लकड़ी नहीं है । एक नया गम्भीर संकट हिन्दुस्तान के गांवों के सामने उपस्थित होने जा रहा है । आप कितने लोगों को गैस कनेक्शन देंगे ? गांवों में गैस कनेक्शन देंगे तो आपके पास ट्रांसपोर्ट का इतना साधन नहीं है कि गांवों तक उसको पहुंचायेंगे और फिर पहुंचायेंगे तो ऐजेंसी कहां होगी, तो बड़ा भारी संकट है । इसलिए हिन्दुस्तान के 7 लाख गांवों के ईंधन की समस्या को दूर करने के लिए रामानन्द साहब यह जरूरी है कि हम वन लगायें, वन केवल फल ही नहीं देंगे, आर्थिक संतुलन ही नहीं कायम करेंगे, इकोलाजिकल बेलेंस को ही नहीं बनायेंगे इन्वायरनमेंट को ही शुद्ध नहीं करेंगे बल्कि जलावन को दूर करेंगे जल प्लावन को ठीक रखेंगे । वृक्षारोपण के माध्यम से हम अपने मुल्क में फलदार पेड़ों से फल पैदा करेंगे और उनको खाने से हमारे मुल्क के लाखों-करोड़ो लोगों के स्वास्थ्य पर अच्छा असर पड़ेगा । चाहे वे देहात के हों या शहरों के । उन फलदायर पेड़ों की लकड़ी से देश के 7 लाख गांवों के करोड़ों किसानों की जलावन की समस्या दूर होगी । उन पेड़ों से पैदा चारे को खिलाकर मुल्क में पशुधन को हम विकसित कर सकते हैं । इस मुल्क में हरित क्रांति हो गयी परन्तु बिना श्वेत क्रांति के हरित क्रांति का कोई मतलब नहीं है । जब तक इस मुल्क में श्वेत क्रांति नहीं होगी और इसकी बुनियाद वनरोपण वृक्षारोपण है तब तक कुछ नहीं होगा । जब हिन्दुस्तान के लाखों करोड़ों एकड़ जमीन में वृक्षारोपण होगा तो हमारे मुल्क में पशु गाय या भैंस वहां चरेंगी और उन से जो दूध मिलेगा उस दूध से, दही से या मक्खन से मुल्क के लोगों की तंदुरुस्ती बढ़ेगी । इसी प्रकार मुल्क के छोटे किसानों के लिए पूरा लोटना पड़ेगी मशीनीकरण से स्टेज तक कि जब बिना बैलों के खेती सम्पन्न नहीं होंगी। क्योंकि आज लगातार जमीन सिकुड़ती जा रही है । सन् 1947 में 50 फीसदी किसानों के पास 6 एकड़ से कम जमीन थी, आल इंडिया सर्वे के मुताबिक आज 70 फीसदी किसानों के पास 4 एकड़ से कम जमीन हो गयी है । आने वाले जमाने में तो और खेत में बटवारा होगा तथा जमीन कम हो जायेगी किसानों के पास इसलिए किसान ट्रैक्टर नहीं अफोर्ड कर पायेंगे, न ही किसान फर्टिलाइजर अफोर्ड कर सकेंगे और न ही मशीनीकरण के माध्यम से खेती कराने को अफोर्ड कर सकेंगे क्योंकि उनका सारा पैसा लुट जायेगा मशीनीकरण से खेती कराने में ।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, हम ही राष्ट्र की जीवन में प्राण रस का संचार करता है । हिन्दुस्तान में पूरी आर्थिक व्यवस्था, एकानामी खेती पर मुनहसिर करती हैं । पूरा राष्ट्रीय विकास हिन्दुस्तान के गांवों पर मुनहसिर करता है । हम यूरोप का नकल करके कभी हिन्दुस्तान का विकास नहीं कर सकते हैं । पूरे यरोप के विकास की बुनियाद इण्डस्ट्रियलाइजेशन रहा है । शहरीकरण, औद्योगिकरण और मशीनीकरण के कारण यूरोप की आर्थिक व्यवस्था में विकास हुआ है पर हिन्दुस्तान की आर्थिक व्यवस्था का आधार है ग्रामीणीकरण, कृषिकरण, या 7 लाख गांवों का विकास, खेती का विकास, खेती पर निर्भर जितने उद्योग हैं उनका विकास । हमारी प्रथम पंचवर्षीय योजना, द्वितीय पचवर्षीय योजना या सातवीं पंचवर्षीय योजना के माध्यम से हिन्दुस्तान का विकास हुआ है, बहुत ज्यादा विकास हुआ है । लेकिन उपसभाध्यक्ष महोदय, यह मानना पड़ेगा कि विकास के परिणामस्वरूप विलासिता के और आराम के नये-नये जो शहर बनते जा रहे हैं। आज गांवों को छोड़कर लोग शहरों की ओर भाग रहे हैं और शहरों में अर्बनाईजेशन का एक्सपलोजन हो रहा है, आज दिल्ली में पानी का संकट उत्पन्न हो रहा है । आज बम्बई, कलकत्ता में स्लम्स की

[श्री कल्पनाथ राय]

समस्याएं पैदा हो रही हैं, क्योंकि जीवन की जो आधुनिक आवश्यकताएं हैं, वह हमको शहरों में मिल रही हैं और देश के लोग लाखों की संख्या में गांवों को छोड़कर छोटे-छोटे शहरों की तरफ भाग रहे हैं। कुछ कलकत्ता, बम्बई, ग्वालियर और दिल्ली की तरफ, यानी जो भी छोटे-छोटे शहर हैं, उनकी ओर लोग भाग रहे हैं।

आज गांव में रहता कौन है? जो खेती करे, वह गांव में रहे, जो गरीब है, वह गांव में रहे और जो गरीब हो, वह खेती में रहे। खेती, गांव और गरीब यह सब एक दूसरे से जुड़े गये हैं।

इसलिए यह बुनियादी प्रश्न है हिंदुस्तान के विकास के लिए और हमारी सातवींपंचवर्षीय योजना ने उद्देश्य रख दिया है, प्रोडक्शन, प्रोडक्टिविटी और इम्पलायमेंट, उत्पादन, उत्पादकता और रोजगार का अवसर। आज लाखों, करोड़ों किसानों के लड़के रोटी-रोजी की तलाश में कोई संसद सदस्य के पीछे, मंत्रियों के पीछे या देश के अंदर घूम रहे हैं बी० ए०, एम०ए० पास करने के बाद, क्योंकि अगर खेती लाभ का धंधा होती, तो कोई किसान का लड़का सौ, डेढ़ सौ रुपये की नौकरी नहीं करता, पर आज सौ रुपये की नौकरी करना किसान का बेटा पसंद कर रहा है और अपनी खेती करना पसंद नहीं कर रहा है। दस, बीस, तीस चालीस या पचास एकड़ तक भूमि जोतने वाले किसानों के लड़के दो सौ, तीन सौ, चार सौ की नौकरी करना चाहते हैं, मगर वह अपनी खेती का काम नहीं करना चाहते क्योंकि खेती पूर्ण रूप से एक घाटे का सौदा बन गया है और जब तक हिंदुस्तान में खेती मुनाफे का सौदा नहीं बनता, फायदे का धंधा नहीं बनता, तब तक न तो देश का उत्पादन बढ़ेगा, न इस मुल्क की उत्पादकता बढ़ेगी और जो करोड़ों नौजवान हिंदुस्तान में हैं, उनकी श्रम शक्ति का इस्तेमाल नहीं हो पायेगा। हमारे देश के नेता, श्री राजीव गांधी जी ने लैंड आर्मी बनाने की बात की है कि लैंड आर्मी हम बनायेंगे। बड़े स्वागत की बात है। जब वह जनरल सेक्रेटरी थे, तो उन्होंने कहा था ... (व्यवधान)

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (मध्य प्रदेश) : अब क्या हो रहा है, अब तो प्रधान मंत्री हैं?

श्री कल्पनाथ राय : इसमें अटल बिहारी वाजपेयी जी के भी सहयोग की आवश्यकता है। हिंदुस्तान जैसे विकासशील देश की समस्याओं का हल टकराव की राजनीति से नहीं हो सकता। यह दुर्भाग्य है कि इस देश में केवल कुर्सी के चक्कर में टकराव की राजनीति को हम प्राथमिकता दे रहे हैं। अटल जी भी सुलझे हुए और समझदार नेता हैं। यह समझते हैं कि प्रजातंत्र या जनतंत्र अगर हिंदुस्तान में कायम है—पिछले तीस वर्षों से, यह विदेश मंत्री रहे हैं और इन्होंने देखा है कि एशिया, अफ्रीका के देशों में, दुनिया के जो विकासशील देश हैं, वहां जनतंत्र कायम हुए, मगर 90 प्रतिशत देशों ने जनतंत्र का गला घोंट दिया और फौजी तानाशाहों ने या बड़े-बड़े शासकों ने सत्ता अपने हाथ में ले ली।

हिंदुस्तान ही एक ऐसा देश है जो गरीब होते हुए भी, जो पिछड़ा होते हुए भी, विकासशील होते हुए भी पिछले चालीस सालों में यहां जनतंत्र का दीया जल रहा है, (समय की घंटी) और इस जनतंत्र की शीतल छाया में अटल बिहारी वाजपेयी जैसे लोग भी लाखों की सभाओं को एड्रेस कर रहे हैं, मगर यह मौका पाकिस्तान में या बंगला देश में नहीं है।

तो हमारे देश के प्रधान मंत्री ने कहा है लैंड आर्मी बनाने के लिए, लैंड आर्मी बनाने की बात की है। आज इस बात की सब से बड़ी आवश्यकता है कि हिंदुस्तान में लैंड आर्मी बनाई जाए और उसमें एक करोड़ लोगों को भर्ती किया जाए। उस लैंड आर्मी का काम होगा कि हिंदुस्तान में पांच वर्ष के अंदर 35 प्रतिशत जमीन पर फारेस्ट्री, पेड़ों को लगाये, इतने फलदार पेड़ों को 35 प्रतिशत जमीन पर लगा देना, उस लैंड आर्मी का लक्ष्य होना चाहिए कि

पांच वर्षों के अंदर हिन्दुस्तान के अंदर हम खुद अपने हाथों से लम्बी-लम्बी नहरों को बना कर वालंटरी जनता को इन्वाल्व करके हम मुल्क में सिंचाई की व्यवस्था कर देंगे । उस लैंड आर्मी का काम होगा—कन्याकुमारी से कश्मीर तक पशुधन को—

गाय हमारी माता है,
देश-धर्म का नाता है ।

उस नाते को भी कायम करने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक करोड़ों गायों का विकास करना होगा । आदरणीय अटल जी मैं आपके सामने कहना चाहता हूं कि 1947 में हिन्दुस्तान में पशुधन करीब 16 करोड़ था, जो आज घटकर 4 करोड हो गया है जिसमें गऊ माता की सब से बड़ी घटौत्तरी हुई है । तो हम चाहते हैं कि हिन्दुस्तान में गाय-भैंस का संवर्द्धन हो, पशुधन का संवर्द्धन हो । काश्मीर से कन्याकुमारी तक इस लैंडआर्मी के माध्यम से, विदेशों से कालैबोरेशन करके यह सब करना चाहिए । आदरणीय वन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि हमारे यहां पर जो 1947 में पशुधन था वह आज $\frac{1}{3}$ हो गया है जबकि हिन्दुस्तान में जनसंख्या 35 से 70 करोड़ हो गई है । पशुधन 16 करोड़ से घट गया है । हिन्दुस्तान के अन्दर लैंड आर्मी के माध्यम से पशुपालन को एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन बनाकर पशुधन का संवर्द्धन और विकास करना चाहिए । लैंड आर्मी के माध्यम से पांच वर्ष के अन्दर पूरे हिन्दुस्तान की 33 प्रतिशत जमीन पर यहां पर क्लाइमैटिक कंडीशन्ज को ठीक करने के लिए, 33 प्रतिशत धरती पर जो कि उसर और परती पड़ी हुई है, जो गांवों में बंजर जमीन पड़ी है, वहां पर भी पेड़ों को लगाना चाहिए । इसके माध्यम से पूरे मुल्क में इरीगेशन और गांवों में सड़के बनाने का काम होना चाहिए । यह सारा काम लैंड आर्मी के माध्यम से हो सकता है । अगर सरकार तैयारी करे तो यह काम हो सकता है और पांच वर्ष के अन्दर हो सकता है । इसमें पांच वर्ष तक जो काम करेगा उसे भोजन देंगे और कपड़ा देंगे, और जो पांच वर्ष तक उसमें काम करेगा उसको तनख्वाह देंगे । अगर ऐसा हो तो करोड़ों बेरोजगार युवक उसमें भर्ती होने को तैयार हैं । राष्ट्र के पैमाने पर पशुधन का विकास, वृक्षारोपण का कार्य, नहरों का कार्य और सड़कों को गांव-गांव से जोड़ने का काम लैंड आर्मी के माध्यम से होना चाहिए । प्रधान मंत्री ने वृक्षारोपण और वनरोपण को अपनी सातवीं पंचवर्षीय योजना में प्राथमिकता दी है । मैं कहना चाहता हूं कि यह हिन्दुस्तान के लिए जीने और मरने का सवाल है । यह काम केवल सरकार के माध्यम से ही नहीं हो सकता है, आजादी की लड़ाई केवल तनख्वाह के माध्यम से ही नहीं लड़ी गई थी । गांधी की सेना में लाखों लोग भर्ती हुए जिन्होंने फांसी के तख्ते को चूम लिया, सीने पर गोलियां खाईं । देश की आजादी की लड़ाई में लाखों-करोड़ों युवकों ने अपने जीवन का बलिदान दिया । इसलिए नए राष्ट्र का विकास करने के लिए, विश्व-शांति के सन्देश को मजबूती से दुनिया में फैलाने के लिए आर्थिक आजादी हासिल करना बहुत आवश्यक है । यह तभी हो सकेगा जब मुल्क के करोड़ों करोड़ लोग आर्थिक आजादी के सवाल पर एक होंगे और सारे राजनीतिक दल अपने राजनीतिक मतभेदों को भुलाकर राष्ट्र के विकास के लिए काम करेंगे । जब वे जनतंत्र का दिया जलाने के लिए रोटी, कपड़ा, दवा, शिक्षा आदि की व्यवस्था करेंगे तभी देश का विकास होगा । जब वे आजादी के लड़ाई के उद्देश्यों को सामने रख कर, आजादी के अतीत को सामने रख कर भविष्य के सुहावने दिनों का निर्माण करेंगे तभी देश बन सकता है । आज सवाल आर्थिक आजादी का है । वह आर्थिक आजादी टकराव की राजनीति से नहीं आयेगी । पिछले 40 सालों से हिन्दुस्तान में टकराव की राजनीति चल रही है । श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश में परिवार नियोजन के कार्यक्रम को युद्ध

[श्री कल्पनाथ राय]

स्तर पर लागू किया है । सन 1975-76-77 के बीच में एक राष्ट्रीय पैमाने पर परिवार नियोजन के काम को शुरु किया गया । यह परिवार नियोजन का काम हमारे देश के लिये मरने-मिटने का सवाल था । यह राष्ट्र के सरवाइल का सवाल था, यह मुल्क के जिन्दा रहने का सवाल था लेकिन उस परिवार नियोजन और नसबंदी के सवाल का मुद्दा बना दिया हमारे विरोधी दलों ने और उसी को असली सवाल बना कर सत्ता में आ गये। जब मुल्क में कोई राष्ट्रीय सवाल उठेगा तो उस को राजनीतिक सवाल बना लेंगे। मैं साफ कहना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान जैसे विकासशील देश में अगर जनतंत्र का दीया जलाना है और इस में आर्थिक आजादी की लड़ाई जीतनी है और यदि यहां गांधी जी और नेहरू जी के सपने को, भगत सिंह और बिस्मिल के सपने को साकार करना है, अगर यहां गफ्फार खान और अशफाकुल्ला और चंद्रशेखर आजाद के सपने को पूरा करना है तो हमें इस वनरोपण और वृक्षारोपण के सवाल को राष्ट्रीय सवाल बना कर राष्ट्र में युद्धस्तर पर काम करना होगा ।

एक अंतिम बात कह कर मैं अपनी बात समाप्त करूंगा । हमारे सुन्दर लाल बहुगुणा जी पेडों की रक्षा के लिये काम करते हैं और उन्होंने पेड लगाना अपने जीवन का धर्म बना लिया है । उन्होंने कहा है :

"The leader of the Chipko movement, Mr. Sunderlal Bahuguna, cannot but be shocked by what he saw during his recent 2500-kilometre trek across the Himalayan region. The receding greenery in the region, nearly 60 per cent of which was covered by thick forest at the beginning of the century, must have come to him as a rude shock..."

उन्होंने बताया कि पूरे हिमालय में जंगलों को ठेकेदार ऐसे काट रहे हैं कि सारा हिमालय आज रेगिस्तान सा नजर आने लगा है । व्यापारिक कामों के लिये हम पेड़ों को काट सकते हैं लेकिन पेड़ लगाने में 15, 20 साल लग जाते हैं और उनको एक दो घंटे में नष्ट किया जा सकता है, काटा जा सकता है । लेकिन पेड़ों को लगाने में समय लगता है । तो जिस तरह से पूरे राष्ट्र के पैमाने पर पेड़ों को नष्ट किया गया है । वह देश की भौगोलिक दृष्टि से बहुत खतरनाक बात है और वह देश के लिये एक राष्ट्रघाती और जनघाती कदम है और इस लिये इस देश के राष्ट्रीय जीवन मे प्राण-रस का संचार करने के लिये वृक्षारोपण युद्ध स्तर पर किया जाना चाहिए और देश की आर्थिक आजादी हासिल करने के लिये हिन्दुस्तान के सात लाख गांवों के विकास और उन के सर्वांगीण विकास के प्रश्न पर विचार किया जाना चाहिए। यह सात लाख गांव तभी विकसित होंगे जब उन की खेती विकसित होगी, जब उन का पशुधन विकसित होगा, जब इन सात लाख गांवों की खेती बारी, बाग बगीचे विकसित होंगे और जब इन सात लाख गांवों में काम करने वालों के बच्चों को रोजगार के पूरे अवसर मिलेंगे और तभी हम आजादी की लड़ाई के अतीत को सामने रख कर भविष्य के सुनहरे जीवन का निर्माण कर सकेंगे ताकि हिन्दुस्तान 21वीं सदी में पहुंच सके और राजीव गांधी का हिन्दुस्तान सारी दुनिया को विश्व शान्ति का संदेश दे सके ।

इन शब्दों के साथ मैं इस का समर्थन करता हूं ।

श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी (आन्ध्र प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष जी, जो प्रस्ताव हमारे सामने है वह बहुत महत्वपूर्ण है । इस प्रस्ताव के जरिये चार चीजों का उल्लेख उन्होंने किया है । और इस सदन की, सरकार की और सारे देश की दृष्टि उस ओर खींची है । प्रस्ताव के पहले भाग में उन्होंने कहा है कि "हमारे देश में राजस्व अभिलेखों में कुल 140 लाख

हेक्टेयर क्षेत्र चरागाहों के रूप में दर्ज है जबकि व्यावहारिक रूप में केवल वनों का प्रयोग चराई प्रयोजनों के लिये किया जा रहा है। और दूसरे भाग में कहा है कि 'केवल 490 लाख टन जलावन लकड़ी का उत्पादन हो रहा है जब कि कुल मांग 1330 लाख टन की है। इन समस्याओं के हल के लिये उन्होंने सुझाव दिया है कि "इस 140 लाख हेक्टेयर भूमि के प्रबंध के लिये तथा बंजर भूमि को हरे भरे चरागह के रूप में परिवर्तित करने हेतु राज्य सरकारों को अनुदेश दिये जायें और दूसरे के लिये कहा है कि जलावन लकड़ी का उत्पादन में वृद्धि के लिये और प्राथमिकता के आधार पर नये प्रकार के चूल्हों, बायोगैस और गोबर-गैस के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिये कदम उठाये जायें।"

यह सुझाव तो बहुत अच्छे हैं और समस्या बहुत गंभीर है। मगर उस को किस ढंग से सरकार हल करना चाहती है यह देखना जरूरी है। हम को आजाद हुए 39 साल हो गये हैं और यह समस्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। जैसा कल्पनाथ राय जी ने और दूसरे सदस्यों ने बताया है कि पहले किसान इस देश में संतुष्ट जीवन गुजारते थे। उनके पास दो बैल रहते थे, एक भैंस रहती थी, एक गाय रहती थी और कुछ खेती रहती थी। खेती तो उनकी रह गयी लेकिन उन की बाड़ी खत्म हो गयी। उसके पास आज बगीचा नहीं रहा। कोई पास्चर लैंड उन के पास नहीं रही। जानवरों को चराने के लिये कोई जगह बची नहीं। सिर्फ उसके पास एक दो एकड़ जमीन रही और उस को भी वह छोड़ने की हालत में है। तो इस परिस्थिति में समस्या गंभीर बनती जा रही है और किस तरह से इस समस्या का हल ढूंढा जाय इस की तरफ सरकार की कोई तवज्जेह नहीं है। तो कई चीजें हैं। बंजर जमीन को कैसे इस्तेमाल किया जा सकता है। किसान हो या चरवाहा हो, वह बंजर जमीन में क्या करेगा। इस देश में या तो बाढ़ आती है या सूखा पड़ता है। आंध्र प्रदेश हो या उड़ीसा हो या महाराष्ट्र हो या गुजरात हो या राजस्थान हो, बाढ़ और सूखे से चार, पांच साल से सब मुसीबत में पड़े हुए हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार में बाढ़ आती है और कितने ही एकड़ जमीन खराब होती जा रही है। तो किसान जानवर चराने के लिये कहां जायें। वह जंगलों में पनाह लेता है। उन को काटता है या उस जमीन का खेती के लिये उपयोग करता है और इस से जंगल आज खत्म हो रहे हैं। इस के लिये सरकार को सोचना चाहिए कि इस को कैसे रोका जाय। इस समस्या को कैसे हल किया जाय। बहुत गंभीरता से इस को सोचना चाहिए। जहां तक बंजर जमीन को हरा भरा बनाने की बात है, हम ने सदन में भी कहा और बाहर भी कहा कि जहां सूखा पड़ा हुआ है सारे देश में, आंध्र प्रदेश में है और दूसरे प्रदेशों में भी है—मैं आंध्र प्रदेश के लिये इस लिये कह रहा हूं कि हम ने चार बड़े बड़े इरिगेशन प्रोजेक्ट की एक योजना सरकार के सामने रखी थी। हम ने उस के लिये भारत सरकार से कोई पैसा नहीं मांगा था। हम ने यह कहा कि हम को इन प्रोजेक्टों की अनुमति दीजिए। यहां से चार साल हो गये और इस बीच डेपुटेशन गये, आंध्र प्रदेश के मुख्य मंत्री ने भी लिखा केन्द्र सरकार को, मगर आज तक कोई जवाब नहीं। हर समय मामला अंडर कंसीडरेशन है। हम सोच रहे हैं कि क्या देश डूबने के बाद यह सोच पूरा होगा। वहां चार, पांच साल से सूखा पड़ा हुआ है। सूखा पड़ने के दो महीने बाद यहां की टीम जाती है और वह अपनी रिपोर्ट देती है अधिकारियों को और सहायता पहुंचती है एक साल के बाद जब कि समस्या समाप्त हो जाती है तो जहां सूखा पड़ता है वहां अगर इरिगेशन का कोई योजना बने तो उसको तुरन्त हाथ में लेना चाहिए। उस के लिये

[श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी]

आप को मदद करनी चाहिए । हम ने आप को परमीशन के लिये, क्लियरेंस के लिये लिखा, लेकिन वह आज तक नहीं हुआ । तैलगू गंगा प्रोजेक्ट वैसे ही पड़ा हुआ है, वंशधारा प्रोजेक्ट वैसे ही पड़ा हुआ है । मैंने ये कुछ उदाहरण आंध्र प्रदेश के दिए हैं लेकिन ऐसे कई प्रोजेक्ट्स देश के अंदर हो सकते हैं । सरकार को चाहिए कि उन पर अमल करे । यदि देश को खुशहाल बनाना है, हराभरा बनाना है, सारी बंजर जमीन को सरसब्ज बनाना है तो आपको ऐसी तमाम योजनाओं, इरिगेशन प्रोजेक्ट्स को मदद करनी चाहिए तभी यह देश सुधर सकता है, तभी देश खुशहाल हो सकता है, तभी इस देश के गांव सुधर सकते हैं । जैसा कि कल्पनाथ राय जी ने कहा देश में करीब 7 लाख गांव हैं, वे खुशहाल हो सकते हैं, तभी हिन्दुस्तान शक्तिशाली बन सकता है । तो मेरा भी कहना है कि सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए ।

दूसरी चीज जो बहुत अहम है, वह यह है कि गांवों में 80 प्रतिशत लोग जिंदगी बसर करते हैं, बाकी के 20 प्रतिशत लोग शहरों में हैं । उनके पास खाना पकाने की गैस नहीं है । बायोगैस और गोबरगैस कितने लोग इस्तेमाल करते हैं ? मुश्किल से 2–3 प्रतिशत लोगों के पास यह सुविधा होगी या वे इसे इस्तेमाल करते होंगे । बाकी लोग तो जंगल की लकड़ी, पत्ते या गोबर ही इस्तेमाल करते हैं । जंगल की लकड़ी को वे जलाने के काम में लाते हैं जिससे जंगल नष्ट होते हैं । तो इसके लिए योजनाएं बनानी चाहिएं और जितनी मांग है उसे पूरा करने के लिए सरकार को कदम उठाने चाहिएं । इसके साथ ही जंगलों में नये पेड़ लगाने के कार्यक्रम होने चाहिएं । अगर हम ऐसा नहीं करेंगे जो हमारे जंगल तबाह हो जाएंगे । आंध्र प्रदेश में वहां की सरकार ने ऐसा किया है, ऐसे कार्यक्रम गांवों में दिए हैं, ग्राम पंचायतों से लेकर जिला स्तर पर ऐसी हिदायतें दी गई हैं कि जगह जगह पेड़ लगाए जाएं । सड़क के दोनों ओर खाली जमीन पर, बंजर जमीन पर पेड़ लगाए जाएं, उसके लिए योजनाएं बनाई हैं । गांवों में 300 पेड़ों की जिम्मेदारी एक आदमी को दी गई है और उसे 50 पैसे प्रति पेड़ रखवाली के लिए दिए जाते हैं । इस तरह से उस आदमी को डेढ़ सौ रुपया प्रतिमास मिल जाता है । इस कार्यक्रम को हमने अपने हाथ में लिया है । मैं तो कहूंगा कि सारे देश में ऐसे कार्यक्रम अपनाए जाएं और सरकार को ऐसे कार्यक्रम देश के लिए सोचने चाहिएं । बड़े पैमाने पर पेड़ लगाए जाएं और जहां सूखा पड़ता है उसको रोकने के लिए बड़े बड़े इरिगेशन प्रोजेक्ट्स बनाए जाएं और जो पानी समुद्र में जाता है उसका उपयोग करने की योजनाएं बनाई जानी चाहिए । तभी ये समस्याएं हल की जा सकती हैं । जो प्रस्ताव श्री पचौरी जी ने रखा है, जिसके जरिए उन्होंने सरकार का ध्यान इस ओर दिलाया है, उससे ये समस्याएं हल हो सकती हैं । उनके समर्थन में जो सुझाव मैंने दिए हैं, मैं समझता हूं कि सरकार उन पर विचार करके उन समस्याओं का हल निकालने की कोशिश करेगी ।

श्री रामचन्द्र विकल (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय पचौरी जी ने जो प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया है, वह देखने में छोटा है, मगर इसका बहुत व्यापक प्रभाव है अगर इसको सही रूप में अमल किया जाए । कल्पनाथ राय जी ने इसको और व्यापक बना दिय है । उनको भी इसमे जोड़ दें और हम उन पर जाएं तो एक उपयोगी संकल्प हो सकता है बशर्ते कि इस पर राज्य सरकार और केन्द्र सरकार मिलजुलकर विचार करे और उन पर अमल करें ।

मान्यवर, दुर्भाग्य यह है कि सरकारी संपत्ति को अपना नही समझा जाता है । बल्कि कहावत यो है कि सरकारी संपत्ति

से जो मिलता है ले लो । सरकार से तेल भी मिले तो कपड़े में ले लो, भले ही कपड़ा भी खराब हो जाए और तेल भी बरबाद हो जाए । जो सरकारी भूमि है, वन विभाग है, वह लुट रहा है । मेरे पास उत्तर प्रदेश में वन विभाग रहा है, मुझे मालूम है कि वन विभाग की जमीन पर कितना दबाव है । पालिटिकल पार्टीज, लीडर, कार्यकर्ता, जिस तरफ से भी मै निकला लाल, पीले झंडे लेकर निकलते थे कि हम को जमीन दे दो । वन की जमीन दे दो । नैनीताल की तराई में पता नहीं कितने लोगों ने कब्जा कर लिया । मैंने बहुत सख्ती से उसमें काम लिया । कार्यकर्ताओं को जेलों में जाना पड़ा और जिन्होंने यह लिखकर दिया कि वन जमीन पर कब्जा नहीं करेंगे तब उन्हें छोड़ा गया और जिन्होंने नहीं लिखा वे वहीं जेल में रहे । मिनिस्टरों से हमने कह दिया था कि सरकारी सम्पत्ति पर अनधिकृत कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जायेगा । यह फैसला किया जाता है कि फारेस्ट की जमीन को बढ़ाना चाहिए, 33 फीसदी बढ़ाना चाहिए लेकिन 16 फीसदी से ज्यादा नहीं है । उधर यह मंत्री परिषद का फैसला होता है और इधर जिस पर दबाव पड़ जाता है वह फारेस्ट की जमीन दे बैठता है । सौभाग्य से चौधरी साहब, चरण सिंह जी मुख्य मंत्री थे । इटावा के बकेवर कालिज को 300–400 एकड़ जमीन दी गयी । मेरे रिजेक्ट करने के बावजूद भी उन्होंने फाइल मंगा कर दस्तखत कराकर वह जमीन उनको देने की बात की । चौधरी साहब को पता नहीं किस की मलामियत हो गई । मैंने भी फाइल मंगा कर इसको रिजेक्ट कर दिया । बकेवर कालिज के प्रिंसिपल ने क्या लिखा था मैं आपको बता सकता हूं । कई उदाहरण दे सकता हूं कि फारेस्ट की जमीन लेने के लिए, उन्होंने क्या-क्या उपाय किये । उन्होंने कहा कि भूमि संरक्षण की ट्रेनिंग का हमारे यहां कोर्स होता है लिहाजा हमें जमीन दे दी जाए । इसकी जांच तक नहीं हुई । चौधरी साहब ने फाइल मंगा कर दस्तखत करके जमीन देने की बात कर दी । मैंने कलेक्टर से बात की। उन्होंने कहा लिखकर पूछो । मैं ने लिख कर दिया । जब उसकी रिपोर्ट आई तो पता चला कि न कोई क्लाम लगती है, न भूमि सरक्षण का कोई कोर्स होता है, न कोई टीचर है और न कोई स्टूडेंट है, न कोई काम है । तब मुझे और मौका मिल गया । मैंने जमीन खारिज कर दी । कम्युनिस्ट पार्टी, सोशलिस्ट पार्टी ने नैनीताल में फारेस्ट की जमीन का अनधिकृत कब्जा किया । हमने कहा कि मंत्री परिषद जो फैसला करेगी हम उसे मानेंगे । जमीन दे देंगे । लेकिन नहीं दी । मैंने कहा कि तुम सारे पहाड़ी लोग नैनीताल में इक्ट्ठे हो गये । अगर हर जिले में देनी पड़ेगी तो उसी जिले की जमीन उसी जिले के लोगों को देंगे तो बात बनेगी नहीं । वे वहां बिखर गये । बाकी जेल में रहे । उनको छोड़ दिया गया जिन्होंने यह लिखा कि हम कब्जा नहीं करेंगे । यह व्यक्तिगत बात मैंने बताई है ।

सरकारी विभागों को अगर देखा तो उनकी गिद्ध दृष्टि भी फारेस्ट जमीन पर पड़ी हुई है । चाहे पी डब्ल्यू डी विभाग हो, चाहे बिजली विभाग हो, चाहे डेम विभाग हो या और कोई विभाग हो । हमारे सामने कितने ही प्रोपोजल आये, मैं जबानी बता सकता हूं, मुझे कई घटनाये याद आती हैं । हरिद्वार से देहरादून के बीच की सीधी सड़क फारेस्ट के बीच से निकाली जाए । ऋषिकेश से होकर थोड़ा सा चक्कर है । मेरे होते हुये यह फारेस्ट जमीन नहीं दी जायेगी, यह मैंने कहा । मिनिस्टर मंगल देव ने बड़ी खुशामद की मेरी । महकमे के महकमे लगे जमीन बांटने, सरकारी अफसर लगे जमीन बांटने । वे सार्वजनिक हित सोचते नहीं है । जो जिसको आबलाइज कर दे तो वह अपने को गौरवान्वित समझता है । मैंने अफसरों को समझाया, दूसरे लोगों को समझाया । मेरे जमाने में हरिद्वार-देहरादून की सड़क नही बनी । बाद में मैं चला गया तो जंगल भी काटे गये और सड़क भी काटी गयी । बिजली विभाग के लोग हैं, डैम वाले

[श्री बो० सत्यनारायण रेड्डी]

लोग हैं, क्वार्टर वाले लोग हैं, गरीब मजदूर लोग, किसान लोग चाहते ही हैं मगर विभागों के लोग यह कहें कि हमें फारेस्ट की जमीन दे दो यह बात जंचती नहीं । मैं समझता हूं शायद राष्ट्रीय हित इस वक्त लोगों के दिमाग में नहीं रहता । महकमे के लोग इस तरह से झगड़ते हैं जैसे कोई जायदाद बंट रही हो। इसमें भी सौदा करते हैं कि हमें इतना दे दो तो, उतना दे दो। जो फारेस्ट की जमीन है उस पर सबकी गिद्ध दृष्टि है । वन वैसे ही कम हो रहे हैं । ऊपर से जो कटान हो रहा है जिसके लिए बहुगुणा जी का आन्दोलन हुआ था, कल्पनाथ राय जी ने भी जिनका चर्चा की, यह बात सच है हमारे जे एन सिंह एक अफसर इसी बात पर कई बार पिटे कि वे जंगल कटवाने वालों से झगड़ा करते थे । मैंने उस अफसर को इनाम दिया । बहादुर सिंह, डी०एफ०ओ०, का नाम भी मुझे याद है, इन्होंने भी फारेस्ट की जमीन से लोगों को हटाने में एक बहुत बड़ा संघर्ष किया था । एक तो फारेस्ट की जमीन पर कब्जा करने की नीयत सब लोगों की है, व्यक्तिगत तो है ही विभागों की भी है । जहां जमीन कम है या सड़कें हैं, जहां नहरों की पटरियां खाली हैं, रेलवे लाइन है, सड़कें हैं उन पर विभाग अगर काम नहीं कर सकता तो पड़ोसियों के किसानों को यह कह दिया जाए कि वह वहां पेड़ लगायें, उसका फल और उसकी कीमत उन्हीं किसानों को दी जाए ? वे देखभाल भी करेंगे और कटने भी नहीं देंगे । पेड़ भी लग जायेंगे और आपका सार्वजनिक हित भी हो जाएगा । उसका लाभ किसानों को भी हो जाएगा । इसलिए मैं पूछना चाहता हूं कि क्या सरकार के विभिन्न विभाग किसानों की मदद नहीं कर सकते हैं ? मैं समझता हूं कि अगर वे चाहें तो किसानों की मदद कर सकते हैं । नहरों के पास जमीन खाली पड़ी होती है, सड़कों के किनारे और रेलवे लाइन के किनारे की जमीन का भी दुरुपयोग हो रहा है । अगर यह जमीन किसानों को दे दी जाये और उन्हें कहा जाय कि जो पेड़ इन स्थानों पर लगायेंगे, चाहे वे फलदार पेड़ हों या लकड़ी वाले पेड़ हों, वे उनके मालिक होंगे तो किसान बहुत बड़ी संख्या में पेड़ लगा सकते हैं । ये तीन-चार जगहें ऐसी हैं जिनका किसानों के हित में उपयोग किया जा सकता है ।

दूसरी बात इस संकल्प में चरागाहों की कही गई है । हमारे देश में चरागाह भी कम होते जा रहे हैं । जिस तरह से फारेस्ट की जमीन कम हो रही है उसी तरह से चरागाह भी कम होते जा रहे हैं । पशुओं के चारे के लिए चरागाहों की बहुत आवश्यकता है । गांवों के अन्दर गांव सभा की जो जमीन होती है उसका दुरुपयोग होता है । प्रधान लोग मिलकर उसका दुरुपयोग करते हैं । अभी मैं कुछ दिन पहले नोएडा गया था । वहां पर लोगों ने मुझ से अनेक प्रकार की शिकायतें कीं । आजकल ग्राम प्रधान भी गजब के हो गए हैं । गांवों में यह दिखाई देता है कि गांव सभा की जमीन का दुरुपयोग किया जा रहा है । लोग राष्ट्रीय सम्पत्ति को राष्ट्रीय सम्पत्ति समझते ही नहीं है। जितना उसका दुरुपयोग हो सकता है, करते हैं । मेरा कहना है कि गांवों में ग्राम सभा की जमीन को चरागाहों के रूप में परिवर्तित किया जा सकता है । अगर सरकार सिंचाई के साधन बढ़ाये और लोगों को व्यक्तिगत रूप से चरागाह बनाने के लिए प्रोत्साहन दे तो हमारे देश में चरागाहों की संख्या बढ़ सकती है ।

इस संकल्प में बचत का जिक्र किया गया है, बायोगैस और गोबर गैस का भी जिक्र किया गया है । अभी हमारे देश में खाना पकाने की के लिए गांवों में जो चूल्हे इस्तेमाल किए जाते हैं उनसे महिलाओं की आंखों पर भी असर पड़ता है और उनकी आंखें खराब हो जाती हैं । अगर लकड़ी के बजाय बायोगैस और गोबर का प्रबन्ध हो जायेगा तो उनको बहुत बड़ी राहत मिलेगी । अब तो सूरज की रोशनी से खाना बनाने के चूल्हे भी बन चुके हैं । सूरज के ताप से जो खाना बनता है वह

